प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 18.05.2025

- **महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कानपुर देहात पुलिस द्वारा की जा रही कड़ी कार्यवाही।**
- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका से दुष्कर्म कारित करने वाले 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **थाना मंगलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 35/2025 धारा 137(2)/87/64(1)/82(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित था अभियुक्त।**

कृपया सादर अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेंज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के कुशल निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना मंगलपुर पर मुकदमा वादिनी द्वारा दिनांक 23.01.2025 को दी गयी तहरीर में बताया कि वादिनी की नाबालिग पुत्री को अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र स्व0 भगवानदीन उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम जैतीपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात बहला फुसलाकर भगा ले गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मंगलपुर पर दिनांक 23.01.2025 को मु0अ0सं0 35/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना से प्राप्त साक्ष्यों के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में धारा 64(1)/82(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट की वृद्धि की गयी। मुकदमा उपरोक्त में एससी/एसटी एक्ट की धाराओं की वृद्धि होने के कारण विवेचना क्षेत्राधिकारी डेरापुर को स्थानान्तरित की गयी। थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 18.05.2025 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र स्व0 भगवानदीन उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम जैतीपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को कंचौसी रोड तिराहा कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से समय 09.35 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता-

1. सुनील कुमार पुत्र स्व0 भगवानदीन उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम जैतीपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री लक्ष्मण सिंह चौकी प्रभारी झींझक
2.कां0 1050 राहुल कुमार
3.कां0 390 पुष्पेन्द्र सिंह